अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ,उ0प्र0
**Atal Bihari Vajpayee Medical University,Lucknow, U.P.**

Dr. Devashish Shukla
COE

Ref: 12899/COE/ABVMU/2026
Date: 07/08/2026

**अतिआवश्यक**

सेवा में,

समस्त सम्बद्ध चिकित्सा / दंत चिकित्सा / नर्सिंग / एलाइड एण्ड हेल्थकेयर कॉलेज
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय
उ0प्र0 लखनऊ।

**विषयः– महिला संकाय सदस्यों एवं छात्राओं की परीक्षा संबंधी शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नंबर के संबंध में।**

महोदय/महोदया

उपरोक्त विषय के अंतर्गत आपको सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन महिला सुरक्षा, गरिमा और उनके अधिकारों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। संस्था / कॉलेज में कार्यरत सभी महिला संकाय सदस्यों और अध्ययनरत छात्राओं को एक सुरक्षित, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण प्रदान करना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस उद्देश्य के तहत, यदि किसी भी संस्था / कॉलेज की महिला संकाय सदस्य या छात्रा को किसी भी प्रकार की परीक्षा संबंधी समस्या, प्रताड़ना या शिकायत दर्ज करानी हो, तो वे सीधे विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए निम्नलिखित आधिकारिक नंबर पर संपर्क कर सकती है :–

**शिकायत हेल्पलाइन नंबर निम्नलिखित हैं :– 9196599183 (समयः प्रातः 10:00 से सांय् 5:00 बजे तक)**

माननीय कुलपति जी के निर्देशन के क्रम में आपसे अनुरोध है कि इस सूचना को अपने संस्था / कॉलेज के नोटिस बोर्ड, वेबसाइट, और अन्य प्रमुख स्थानों पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, ताकि सभी महिला कर्मचारियों और छात्राओं तक यह जानकारी पहुँच सके। इस नंबर पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा।

भवदीय

(डॉ0 देवाशीष शुक्ला)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– निजी सचिव, मा0 कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

परीक्षा नियंत्रक

दिनांक 07/08/026
प्राचार्य
अधिष्ठान अधिकारी
प्रधान लिपिक
अग्रेषित नोटिस बोर्ड, वेबसाइट पर प्रदर्शित करें। (नोडल वेबसाइट)